दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 18 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. सीवान, सारण और गोपालगंज जिले में जहरीली शराब पीने से मौत मामले में सैंतालीस लोग गिरफ्तार। अब तक उनतालीस लोगों की हुयी मौत।

02. बिहार की चार विधानसभा सीटों तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज के लिए उप–चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से शुरु होगी नामांकन की प्रक्रिया।

03. केंद्र सरकार ने पटना – बेतिया हाई स्पीड कॉरिडोर के एक स्ट्रेच के निर्माण के लिए एक हजार सात सौ बारह करोड़ रुपये मंजूर किये।

04. और, ऑनलाइन घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए केन्द्र सरकार और मेटा ने धोखाधड़ी से बचो अभियान शुरु किया।

---

सीवान, सारण और गोपालगंज जिले में जहरीली शराब पीने से हुयी मौत के मामले में अब तक सैंतालीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो सौ पचास जगहों पर छापे मारे गये। सारण में सैंतीस और सीवान जिले में दस लोगों की गिरफ्तारी हुयी है। छापेमारी के दौरान एक हजार छह सौ पचास लीटर शराब भी बरामद की गयी। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर मद्य निषेध विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने प्रभावित इलाकों में पहुंचकर मामले की जांच शुरु कर दी है। अब तक की जांच में यह बात सामने आयी है कि जिस शराब को पीने से लोगों की मौत हुयी है, उसमें मेथेनॉल का प्रयोग किया गया था। इसका उपयोग उद्योग धंधों में होता है। इधर, पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि जहरीली शराब पीने से अब तक उनतीस लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि घटना की सघन जांच चल रही है और जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्त में होंगे। इस बीच, सीवान, सारण और गोपालगंज से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शराबकांड में अब तक उनतालीस लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुयी है। दर्जनों लोगों का अभी भी विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सत्रह लोगों को भर्ती कराया गया है, जिनमें तीन की स्थिति गंभीर बनी हुयी है।

---

बिहार की चार विधानसभा सीटों तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज के लिए उप–चुनाव की अधिसूचना आज जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरु हो जाएगी। प्रत्याशी पच्चीस अक्टूबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। वहीं, उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान तेरह नवम्बर को होगा, जबकि मतों की गिनती तेईस नवंबर को होगी। इमामगंज सीट से हम के जीतनराम मांझी, रामगढ़ से राजद के सुधाकर सिंह, बेलागंज से राजद के सुरेन्द्र प्रसाद यादव और तरारी से भाकपा–माले के सुदामा प्रसाद के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद इन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं।

---

केंद्र सरकार ने पटना से बेतिया के बीच प्रस्तावित हाई स्पीड कॉरिडोर के एक स्ट्रेच के निर्माण के लिए एक हजार सात सौ बारह करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की है। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माणिकपुर से साहेबगंज स्ट्रेच के लिए यह राशि मंजूर की गयी है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से बौद्ध सर्किट के रास्ते पटना से बेतिया के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी को विकसित किया जाना है। इस परियोजना में एक मेगा ब्रिज, दो फ्लाई ओवर, पच्चीस अंडर पास और एक आरओबी शामिल हैं।

---

केन्द्र सरकार और मेटा ने ऑनलाइन घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए संयुक्त रूप से धोखाधड़ी से बचो अभियान शुरु किया है। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने नई दिल्ली में इस अभियान का उद्घाटन किया। श्री जाजू ने कहा कि यह पहल ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए एक ज़रूरी कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल सुरक्षा और सतर्कता को बढ़ावा देना चाहती है। श्री जाजू ने कहा कि भारत में इंटरनेट के उपयोग के साथ ही साइबर धोखाधड़ी में भी वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष धोखाधड़ी के ग्यारह लाख मामले दर्ज किए गए थे। मेटा की यह पहल इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के सहयोग से शुरू की गई है।

---

रेल मंत्रालय ने रेलगाड़ियों में अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा को एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन करने का फैसला किया है। नये नियम इस वर्ष एक नवम्बर से लागू होंगे। हालांकि, इस महीने की इकतीस तारीख तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस के मामले में कोई परिवर्तन नहीं होगा क्योंकि इन रेलगाड़ियों की अग्रिम आरक्षण अवधि पहले से ही कम है। विदेशी पर्यटकों के लिए अग्रिम आरक्षण की समय–सीमा तीन सौ पैंसठ दिन बनी रहेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में धान की फर्जी खरीद को रोकने के लिए सभी सरकारी क्रय केंद्रों पर बायोमीट्रिक डिवाईस लगेगी। इससे सत्यापन करने के बाद ही धान बेचने वाले किसानों को ऑनलाइन मोबाईल ऐप ई–पैक्स बिहार ग्रेन्स से रसीद मिलेगी। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने धान खरीद समीक्षा के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रैयती किसानों से अधिकतम दो सौ पचास क्विंटल और गैर रैयती किसानों से अधिकतम एक सौ क्विंटल धान खरीदा जाएगा। गौरतलब है कि राज्य के उत्तरी जिलों में एक नवम्बर से, जबकि दक्षिणी जिलों में पंद्रह नवम्बर से धान की खरीद शुरु हो रही है।

———————————————————————————

परिवहन विभाग ने बिना लाईसेंस और नाबालिगों द्वारा ई–रिक्शा समेत अन्य तिपहिया वाहन का परिचालन करने पर वाहनों को जब्त करने का आदेश दिया है। साथ ही ऐसे लोगों पर मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये गये हैं। विभागीय सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी कर विशेष अभियान चलाने को कहा।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री गति शक्ति अभियान के अंतर्गत पटना में पूर्वी जोन के लिए कल से दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करने की जरुरत है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन

विभाग के संयुक्त सचिव ई. श्रीनिवास ने कहा कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति अभियान के तहत जिला मास्टर प्लान आकांक्षी जिलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

———बाईट———

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग की उप सचिव जिविशा जोशी गंगोपाध्याय ने बताया कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति पहल के तहत बिहटा में बनने वाले एयरपोर्ट प्रोजेक्ट को शामिल किया गया है।

———बाईट———

कार्य़शाला में बिहार के अलावा झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चौवालीस जिलों के जिलाधिकारी और अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

————————————————————————————————

कला—संस्कृति और युवा विभाग के तत्वावधान में आज पटना में बिहार फिल्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा इसका उद्‌घाटन करेंगे। श्री सिन्हा ने बताया कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य बिहार में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन देना है।

———बाईट———

————————————————————————————————

लखीसराय जिले के लाली पहाड़ी परिसर में बिहार कला दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई नामचीन कलाकारों के साथ—साथ स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। लाली पहाड़ी को पर्यटकों के बीच लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

————————————————————————————————

सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण लगभग अड़तालीस हजार नियोजित शिक्षकों को फिर से काउंसिलिंग का मौका मिलेगा। शिक्षा विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि ये सभी वैसे शिक्षक हैं, जिनकी काउंसिलिंग विभिन्न कारणों से अधूरी रह गयी थी या वे उपस्थित नहीं हो सके थे। इनमें से तेईस हजार आठ सौ एक शिक्षक

वैसे हैं, जिनके प्रमाण पत्र संदिग्ध की श्रेणी में रखे गये हैं। इन शिक्षकों को भी सही प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करने का अवसर मिलेगा।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने यूजीसी–नेट का परिणाम जारी कर दिया है। एनटीए ने इस बार तीन श्रेणियों में परिणाम जारी किया है। जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए चार हजार नौ सौ सत्तर, असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए तिरेपन हजार छह सौ चौरानवे और पीएचडी के लिए एक लाख बारह हजार सत्तर उम्मीदवार सफल घोषित किये गये हैं। अभ्यर्थी अपना परिणाम यूजीसी नेट डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन पर देख सकते हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ सत्रह नये मामलों की पुष्टि हुई। इसमें पैंसठ मरीज पटना से हैं। राज्य में अबतक डेंगू के पांच हजार से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

———————————————————————————

देश के अलग–अलग महाविद्यालयों में नामांकन के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले प्रेमशंकर विद्यार्थी के पुलिस हिरासत से फरार होने के मामले में पटना के एसएसपी राजीव मिश्र ने छह पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इनमें से एक एएसआई, एक हवलदार और चार सिपाही हैं।

———————————————————————————

पटना के मसौढ़ी की बेर्रा पैक्स अध्यक्ष सरोज देवी और प्रबंधक नागमणि कुमार समेत ग्यारह कार्यकारिणी सदस्यों पर सैंतीस लाख रुपये गबन के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, जिले के पुनपुन प्रखंड अंतर्गत बरावां पंचायत की पूर्व मुखिया अंजनी देवी समेत पांच लोगों के खिलाफ सात लाख रुपये गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र से पुलिस ने अंठावन किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने जहरीली शराब से हुयी मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है – जहरीली शराब पीने से चौबीस और की जान गयी। अबतक इक्यावन की मौत।

हिन्दुस्तान ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – मुख्यमंत्री ने शराब कांड की जांच के आदेश दिये।

दैनिक जागरण ने लिखा है – राज्य में तेईस हजार आठ सौ एक शिक्षकों के प्रमाण पत्र संदिग्ध। दोबारा होगी जांच।

प्रभात खबर लिखता है – न्यायमूर्ति संजीव खन्ना होंगे अगले प्रधान न्यायाधीश।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है – असम में प्रवासियों को नागरिकता देने पर लगी सुप्रीम मोहर। धारा– सिक्स–ए की वैधता बरकरार।

आज अखबार ने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के हवाले से लिखा है – पांच एकड़ में बनेगा बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का कैंपस।

———————————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. सीवान, सारण और गोपालगंज जिले में जहरीली शराब पीने से मौत मामले में सैंतालीस लोग गिरफ्तार। अब तक उनतालीस लोगों की हुयी मौत।

02. बिहार की चार विधानसभा सीटों तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज के लिए उप–चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से शुरु होगी नामांकन की प्रक्रिया।

03. केंद्र सरकार ने पटना – बेतिया हाई स्पीड कॉरिडोर के एक स्ट्रेच के निर्माण के लिए एक हजार सात सौ बारह करोड़ रुपये मंजूर किये।

04. और, ऑनलाइन घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए केन्द्र सरकार और मेटा ने धोखाधड़ी से बचो अभियान शुरु किया।

———————————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।